**Regarding alleged illegal mining activities in Rajasthan**

श्री हरीश चंद्र मीना **(**टोंक**-**सवाई माधोपुर**) :** आदरणीय मेघवाल साहब, जरा मेरी बात ध्यान से सुनें, मैं खनन का मुद्दा उठा रहा हूं ।

महोदया, आपने मुझे राजस्थान में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन के विषय पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मैं लोक सभा की कोयला, खान और इस्पात समिति का सदस्य भी हूं । उस कमेटी का सदस्य और राजस्थान का निवासी होने के नाते, मैं खनन का मुद्दा उठा रहा हूं ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, यह राज्य सरकार का विषय है ।

श्री हरीश चंद्र मीना **:** महोदया, मैं कोयला, खान और इस्पात समिति का सदस्य हूं ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप केन्द्र सरकार से क्या चाहते हैं? आप अपने विषय को रखिए ।

श्री हरीश चंद्र मीना **:** महोदया, यह केन्द्र का विषय है ।?(व्यवधान)

महोदया, मैं आज अपने राज्य राजस्थान में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध खनन की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । राजस्थान में प्राकृतिक रूप से 81 प्रकार के खनिज पाए जाते हैं, जिनमें से 57 खनिजों का व्यावसायिक रूप से खनन किया जाता है । भारत में सबसे अधिक खनन पट्टे राजस्थान में हैं । हालांकि वहां अवैध खनन की खबरें भी निरंतर आती रहती हैं ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप संक्षेप में अपना विषय रखिए ।

श्री हरीश चंद्र मीना **:** महोदया, वर्ष 2022 की सीएंडएजी की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि राजस्थान में पिछले वर्षों के मुताबिक 170 गुना ज्यादा अवैध खनन हुआ है । यह सीएंडएजी की रिपोर्ट में कहा गया है ।?(व्यवधान) खान विभाग ने अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 50,000 मुकदमे दर्ज किए हैं ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप अपनी बात पूरी करिए ।

? (व्यवधान)

श्री हरीश चंद्र मीना **:** महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि?(व्यवधान) मुझे बोलने दिया जाए ।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात कंप्लीट कीजिए । आप अपनी बात कंप्लीट नहीं कर रहे हैं ।

श्री हरीश चंद्र मीना **:** मैडम, मेरा आपसे अनुरोध यह है कि हमारा युवा भ्रमित हो रहा है, नौकरी के अभाव में अवैध खनन में जा रहा है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपका विषय हट रहा है ।

? (व्यवधान)

श्री हरीश चंद्र मीना **:** मैडम, यह मेरे क्षेत्र का विषय है । मेरे क्षेत्र में राजस्थान की सबसे बड़ी नदी बनास बहती है । वहां पूरी जमीन अवैध खनन के चक्कर में पथरीली हो गई है । वहां खनन माफिया पैदा हो गए हैं । वहां पर अवैध खनन को रोका जाए । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** के. ई. प्रकाश जी, आप बोलिए ।